# 16 को पूरे हो जाएंगे केदारनाथ आपदा के 6 साल

## वक्त भी जख्मों पर नहीं लगा पाया मरहम


रुद्रप्रयाग। संवाददाता

पूरी दुनियां को झकझोर कर रख देने वाली वाली केदारनाथ में 16 जून 2013 को आई दैवीय आपदा से हुई तबाही को 6 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस त्रासदी में मारे गए लोगों के परिजनों व पीड़ित परिवारों को फौरी राहत भले ही मिल गई हो, लेकिन उनके जख्म आज भी हरे के हरे हैं। शायद ही वो इस आपदा को कभी भूल पाएं। वक्त भी उनके जख्मों पर मरहम नहीं लगा पाया। इन्हीं में से एक है गगन बिष्ट, जिनका इस आपदा में सब कुछ लूट गया था, जो 15 जून की रात केदारनाथ में ही मौजूद थे।

केदारनाथ आपदा के प्रत्यक्षदर्शी रुद्रप्रयाग के रहने वाले होटल व्यापारी गगन बिष्ट के अनुसार वे 15 जून 2013 के दिन केदार घाटी में ही मौजूद थे। गगन बताते हैं कि यह दिन और दिनों से कुछ अलग था।

14 जून की रात से शुरू हुई तेज बारिश 15 जून के दिन भी बिना रुके लगातार जारी थी। ऐसे में पानी के तेज बहाव के साथ उनके होटल की जमीन धीरे–धीरे नीचे से कटने लगी थी और देखते ही देखते पूरा होटल पानी के तेज बहाव में बहता चला गया। बिष्ट बताते हैं कि जिस समय उनके होटल के नीचे की जमीन का कटान हो रहा था उससे पहले ही उन्होंने होटल को खाली कर दिया था। जिस वजह से किसी की जान नहीं गई। गगन के अनुसार यह होटल यात्रा सीजन में उनकी कमाई का एक बेहतरीन जरिया था। लेकिन होटल के इस तरह अचानक बह जाने से उन्हें करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। कई साल तक वो ये भी नहीं समझ पा रहे थे कि इस नुकसान की भरपाई कैसे होगी।

आपदा के अन्य प्रत्यक्षदर्शी गगन ने बताया कि अब एक बार फिर वह केदार घाटी में अपना होटल शुरू करना चाहते हैं, लेकिन सरकारी नौकरशाहों की दबंगई और मनमानी के चलते वह अपने होटल का काम शुरू नहीं कर पा रहे हैं। होटल बनाने की अनुमति के लिए वो कई बार एसडीएम कार्यालय जा चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें इसकी अनुमति नहीं मिली है।



बाबा केदारनाथ। (फाइल फोटो)

## सुपरफास्ट खबरें

### मंडलायुक्त ने परियोजना की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए

संवाददाता नैनीताल। आयुक्त कुमाऊँ मण्डल एवं सचिव मुख्यमंत्री राजीव रौतेला ने शुक्रवार को कमिश्नरी कार्यालय में इन्द्रा नगर नाले (हल्द्वानी) के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में विधायक नवीन दुम्का, जिलाधिकारी विनोद कुमार सुमन, महाप्रबन्धक जल संस्थान डीके मिश्रा, मुख्य अभियंता सिंचाई एमसी पाण्डे मौजूद थे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा डीपीआर में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वन विभाग की कम से कम भूमि उपयोग में ली जाए।

### राज्य फेरी नीति नियमावली को लागू करने को लेकर हुई बैठक

संवाददाता हरिद्वार। रेड़ी पटरी, हाथ–ठेली, फेरी–टोकरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अध्यक्षता में चंडी घाट मार्ग स्थित कार्यालय पर जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई द्य बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राजपूत, टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य सुमन गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

### महिला सशक्तिकरण के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करें

संवाददाता नैनीताल। जिलाधिकारी विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। श्री सुमन ने जनपद में बालिका लिंगानुपात बढ़ाने तथा बालिकाओं के सामाजिक एवं मानसिक उत्थान हेतु सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ सुनियोजित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

### राज्य आंदोलनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता हरिद्वार। राज्य प्राप्ति आंदोलन में अग्रणी एवं निर्णायक भागीदारी करने वाले राज्य आंदोलनकारियों ने अपनी 7 सूत्री मांगों के निराकरण की मांग को लेकर केंद्रीय अध्यक्ष जेपी पांडे के नेतृत्व में जुलूस निकालकर सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी पांडे ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री किसी की भी नहीं सुनते हैं।

## डीएम दीपक रावत ने कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर ली समीक्षा बैठक

# कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश

हरिद्वार। संवाददाता



समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी दीपक रावत ने आगामी कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में ली। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मजेय खंडूरी भी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने 15 जुलाई से शुरू होने वाले कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं को दुरस्त किये जाने के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही एसएसपी की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन हेतु जरूरी आवश्यकताओं का एस्टीमेट तैयार कर उपलब्ध कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांवड़ पटरी के मरम्मत किये जाने हेतु सिंचाई विभाग हरिद्वार और रुड़की प्रखण्ड शीघ्र निरीक्षण कर टेंडर का कार्य शुरू करें। कांवड़ पटरी सहित पूरे मेला क्षेत्र में सभी स्थानों पर बिजली, पेयजल, टाइल्स आदि की व्यवस्था के लिए सिंचाई, पेयजल, विद्युत विभाग इन कार्यो को समय रहते निरीक्षण कर अपनी रिपार्ट दें।

जिलाधिकारी ने एनएचआई अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कांवड़ मेला प्रारम्भ होने के साथ एवं समाप्त होने तक एनएचआई के अधिकारी सीसीआर परिसर में अपना कैम्प कार्यालय बनाकर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वन और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि हिल बाईपास को निरीक्षण कर दुरुस्त कर लिया जाए ताकि आवश्यकता होने पर हिल बाईपास का प्रयोग किया जा सके।

डीएम ने उपजिलाधिकारी हरिद्वार एवं सीओ लक्सर को लक्सर रोड़ की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिये। एएमए जिला पंचायत को निर्देश दिये कि नहर पटरी पर साफ–सफाई, गूलर के पेड़ के कटान, झाड़ी कटान तथा हर दो किलोमीटर पर एक शौचालय स्थापित किया जाए। साथ ही नजीबाबाद रोड़ कांवड़ पटरी की सफाई व्यवस्था की भी जिम्मेदारी दी। जिला पर्यटन अधिकारी को अपने विश्राम गृह में प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को अभी से सुचारू करने के निर्देश दिये। सिटी मजिस्ट्रेट एवं नगर निगम हरिद्वार को कांवड विक्रेताओं के साथ बैठक कर आठ फुट से कम की कांवड ही निर्माण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

## जेईई एडवांस्ड में महाराष्ट्र के गुप्ता कार्तिकेय चंद्रेश ने ऑल इंडिया टॉप किया

संवाददाता रुड़की। इंजीनियरिंग की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई एडवांस्ड–2019 में बल्लारपुर महाराष्ट्र निवासी आइआइटी मुंबई जोन के गुप्ता कार्तिकेय चंद्रेश ने ऑल इंडिया टॉप किया। वहीं, उप्र के इलाहाबाद निवासी आइआइटी दिल्ली जोन के हिमांशु गौरव सिंह ने देश में दूसरा और इसी जोन के नई दिल्ली निवासी अर्चित बुबना ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में हैदराबाद के माधापुर की शबनम सहाय पहली रैंक पर रही, उसकी ओवरआल ऑल इंडिया रैंक दसवीं हैं। इस परीक्षा में कुल 38705 बच्चे सफल रहे। जेईई एडवांस परीक्षा का जिम्मा इस बार आइआइटी रुड़की के पास था। शुक्रवार को परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। देश में पहला स्थान पाने वाले गुप्ता कार्तिकेय चंद्रेश ने 372 में से 346 अंक हासिल किए। दूसरी रैंक पर इलाहाबाद निवासी हिमांशु गौरव सिंह रहे।

# जो अल्ट्रासाउण्ड सेंटर पंजीकृत नहीं है, उन्हें तत्काल सीज करें

नैनीताल। संवाददाता

■अधिनियम का सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार में पीसीपीएनडीटी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी सुमन ने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिनियम का सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें तथा जो अल्ट्रासाउण्ड सेंटर पंजीकृत नहीं है, उन्हें तत्काल सीज करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में पंजीकृत अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों एवं अस्पतालों से पीसीपीएनडीटी एक्ट का शतप्रतिशत अनुपालन कराना सुनिश्चित करें तथा भ्रूण परीक्षण की निगरानी हेतु सभी मशीनों में साइलेंट आब्जर्वर एवं ट्रेकिंग डिवाइस लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि एक्ट के अन्तर्गत गठित जिला निरीक्षण एवं मूल्यांकन समिति द्वारा प्रत्येक त्रैमास में अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए तथा निरीक्षण में समस्त अल्ट्रा साउंड मशीनों, इको कार्डियो ग्राफी, एमआरआई, यूरोलॉजी, सहित समस्त इमेजिंग उपकरणों जिनसे गर्भस्थ शिशु का लिंग परिक्षण संभव है का गहनता से निरीक्षण किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि लिंग परीक्षण पर प्रभावी रोक हेतु चिकित्सा, शिक्षा तथा बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और गर्भवती महिलाओं के आवागमन एवं क्रिया विधि पर पैनी नजर बनाए रखे ताकि कोई भी व्यक्ति जनपद के बाहर किसी अन्य स्थान पर भी लिंग परीक्षण न करा सके।

सुमन ने लिंग परिक्षण की सूचना देने वाले व्यक्ति को दस हजार का इनाम दिए जाने की योजना को जारी खरने एवं सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता पूर्ण रूप से गोपनीय बनाए रखने के निर्देश दिए। चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लिंगानुपात में सुधार हुआ है।



संतों से मुलाकात करते हुए महंत नरेंद्र गिरी महाराज।

## निर्मल अखाड़े की संपत्ति पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा

हरिद्वार। संवाददाता

श्री पंचायती निर्मल अखाड़े की एक्कड़ कलां शाखा की संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद के बीच शुक्रवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत नरेंद्र गिरी महाराज ने एक्कड़ कलां पहुंचकर निर्मल अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज व अन्य संतों से भेंट कर विवाद की जानकारी ली। अचानक एक्कड़ कलां पहुंचे श्रीमहंत नरेंद्र गिरी महाराज ने कहा कि अखाड़े की संपत्ति को खुर्दबुर्द नहीं करने दिया जाएगा। अखाड़े में अवैध रूप से कब्जा करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुछ गृहस्थ जो अखाड़े पर कब्जा करने की फिराक में लगे हैं। उन्हें जल्द ही अखाड़े से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज अखाड़े के अध्यक्ष हैं। अखाड़े की संपत्ति पर केवल अखाड़े का अधिकार है।